हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 25 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 22 .0 डिग्री

10 कांग्रेस अपने तुष्टिकरण के एजेंडे पर कर रही कार्य : सुभाष बराला



10 किसी भी सूरत में न हो अवैध शराब की बिक्री



## खबर संक्षेप

### बकाया पेमेंट बता लगाया 50 हजार रुपये का चूना

**जींद।** बीमार महिला की दवाइयों के घर पहुंचने और बकाया पेमेंट बता पचास हजार रुपये का चूना लगाने के मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भाणा ब्राह्मणन निवासी राजेश ने साइबर पोर्टल दर्ज शिकायत दर्ज करवाई है।

### नकदी-आभूषण चोरी के मामले में आरोपित काबू

**कैथल।** सीआईए-1 पुलिस के एएसआई प्रवीन कुमार की टीम द्वारा नकदी व आभूषण चोरी करने के मामले में एक महिला आरोपी बधहाऊ जिला संम्बल युपी निवासी राजकुमारी को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रेवाड़ी निवासी सचिन यादव की शिकायत अनुसार वह उसके परिवार के साथ सेक्टर 21 हुड्डा कैथल में रहता हैं।

### महिला पर अज्ञात बाइक सवार ने किया हमला

**जींद।** गांव जलालपुरा खुर्द खेत में गई महिला पर वहां मौजूद बाइक सवार युवक ने हमला कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया। सदर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जलालपुरा खुर्द निवासी केला देवी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### थ्री व्हीलर चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थ्री व्हीलर चुराने के एक मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एचसी विजय कुमार की टीम ने आरोपी शक्ति नगर निवासी विकास उर्फ काशी को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खेड़ी गुलाम अली निवासी रमेश कुमार की शिकायत अनुसार 9 सितंबर 2023 की रात मकान सामने से उसका आटो अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गए।

### आरोपी को छुड़वाने के छह आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने धमतान साहिब में महाराष्ट्र पुलिसकर्मियों से हाथापाई कर चोरी के आरोपित को छुडवाने के छह आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पूना महाराष्ट्र पुलिस के सब इंसपेक्टर युवराज मारूति कलकुटगे ने गत 19 अप्रैल को गढ़ी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया था।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र निवासी बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में थाना पुंडरी पुलिस की लेडी एचसी रितु द्वारा पीड़िता के पति पिलनी निवासी विजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 20 जून 2014 को विजय कुमार उपरोक्त के साथ हुई थी।

### डोजबॉल वर्ल्डकप के लिए ट्रायल 4 मई को

**उचाना।** आस्ट्रेलिया में होने वाले डोजबॉल वर्ल्ड कप 2024 के लिए चार मई को नई दिल्ली के पुष्प विहार डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल टीम इंडिया का चयन होगा। यहां पर आयोजित ट्रायल में देशभर से खिलाड़ी पहुंचेंगे। डोलबॉल एसोसिएशन के सेक्रेटरी नसीब बूराए डोजबॉल सेंटर संचालक जयभगवान करसिंधु ने बताया।

### फार्म से मोटर चोरी के तीन आरोपी काबू

**जींद।** गांव आफताबगढ़ में फार्म की दीवार फांद कर अंदर से पानी की मोटर चोरी करने के तीन आरोपितों को पुलिस ने काबू किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पानीपत के मतलोडा गांव निवासी सुनील, पवन व नरेंद्र के रुप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपितों को अदालत के आदेश पर जिला जेल भेज दिया है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर विशेषः जिले में चार साल से नहीं मिला मलेरिया का केस

## वर्ष 2015 में आए थे मलेरिया के सबसे ज्यादा मामले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इसे स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत कहें या आमजन की जागरूकता, पिछले चार साल से जिले में मलेरिया का एक भी मामला सामने नही आया है। वहीं डेंगू के मामलों में भी पिछले दो वर्ष से कमी आ रही है। सबसे ज्यादा 2015 में डेंगू के 668 मामले आए थे। इतने अधिक डेंगू के मामले पहले कभी नही आए। विभाग की टीमें समय रहते ही घर-घर जाकर लोगों को इन मच्छरजनित बीमारियों के प्रति जागरूक कर रही हैं। इसके अलावा मच्छरों की रोकथाम के लिए उपाय बताए जा रहे हैं। कर्मियों ने शहर में चलाया जागरूकता अभियान विश्व मलेरिया दिवस की पूर्व संध्या पर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए शहर की कालोनियों में जागरूकता अभियान चलाया। सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल के मार्गदर्शन मे पीपी सेंटर व अर्बन पीएचसी की टीमों द्वारा लोगों को गर्मी के मौसम में होने वाली मलेरिया, डेंगू, उल्टी, दस्त व डायरिया जैसी बीमारियों से बचाने के लिए घर-घर जाकर कर लोगो को जागरूक करने का कार्य किया। स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्यकर्मियों ने बुधवार को विकास नगर, हनुमान नगर, जवाहर नगर, रूप नगर, अपराही मौहल्ला, राज नगर, इंदिरा कालोनी, शर्मा नगर में घर-घर जाकर लोगों को मच्छरजनित रोगों तथा डायरिया, उल्टी, दस्त जैसी खतरनाक बीमारियों से बचाव की जानकारी दी और ओआरएसए जिंक तथा क्लोरीन की गोलियां भी वितरित की। इस दौरान घरों के कूलरों व पानी की टंकियों की जांच भी की। स्वास्थ्य निरिक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि घर-घर किए सर्वे के दौरान बुखार से पीड़ित 17 मरीजो के खून के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भी भिजवाए। उन्होंने लोगों को बताया कि जो लोग अक्सर अपने घर व आस साफ - सफाई विशेष ध्यान रखने की बजाय लापरवाही करते हैं उन्हीं क्षेत्रों में बीमारियां 'यादा फैलने की आंशका रहती है। स्वास्थ्यकर्मियो ने इस दौरान लोगों का सलाह दी कि जहां भी पानी की लिकेज दिखाई दे, उसके लिए तुरंत विभाग के अधिकारियो को सूचित करें ताकि गंदे पानी की सप्लाई होने से रोका जा सके।



जींद। सैंपल लेते स्वास्थ्य विभाग के कर्मी। फोटो :हरिभूमि

| वर्ष | मलेरिया | डेंगू | चिकनगुनिया |
|---|---|---|---|
| 2015 | 45 | 668 | 0 |
| 2016 | 17 | 157 | 15 |
| 2017 | 27 | 135 | 0 |
| 2018 | 17 | 98 | 0 |
| 2019 | 03 | 47 | 0 |
| 2020 | 00 | 28 | 1 |
| 2021 | 00 | 622 | 1 |
| 2022 | 00 | 535 | 1 |
| 2023 | 00 | 340 | 5 |
| 2024 | 00 | 00 | 00 |

### चिकनगुनिया, डेंगू व मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए सावधानी बरतें : डॉ. विजेंद्र

नागरिक अस्पताल के डिप्टी सीएमओ (मलेरिया) डा. विजेंद्र ढांडा ने बताया कि लोगों को भी चिकनगुनिया, डेंगू व मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए सावधानी बरतनी होगी। अपने आसपास साफ.- सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। मलेरिया के केसों पर जिले में अंकुश लगा है लेकिन डेंगू के केस अब भी आ रहे हैं। पिछले साल डेंगू के 340 मामले आए थे। इस बार स्वास्थ्य विभाग की टीमें जांच के काम में लगी हुई हैं। बुखार पीड़ितों के सैंपल लिए जा रहे हैं।

## आरटीए विभाग ने लगाया साढ़े 27 हजार रुपये का जुर्माना

# सीएम फ्लाइंग ने बिना परमिट व टैक्स के चल रही बस को पकड़ा

### सीएम फ्लाइंग को मिली थी गुप्त सूचना

**बस अड्डे से सवारियां लेकर नरवाना के हरियल चौक पहुंची थी बस**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा आरटीए संयुक्त टीम ने नरवाना के हरियल चौक पर बिना परमिट के चल रही प्राइवेट बस को काबू किया है। बस आपरेटर ने टैक्स भी नही भरा हुआ था। जिस पर आरटीए विभाग ने बस आपरेटर को साढ़े 27 हजार रूपये जुर्माना लगाया है।

सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि नरवाना-किठाना मार्ग पर बिना परमिट के बस चल रही है। जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है। जो नरवाना बस अड्डे से सवारियां भर हरियल चौक की तरफ आएगी। जिसके आधार पर सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर पवन के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमे एएसआई खुशीराम, सिपाही भगवान सिंह को भी शामिल किया गया। वहीं टीम में आरटीए विभाग के मोटर व्हीकल इंसपेक्टर संजीव कौशिक को भी शामिल किया गया। टीम ने नरवाना के हरियल चौक पर निगाह रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद प्राइवेट बस वहां पर पहुंची तो उसे संयुक्त टीम ने रोक लिया। बस चालक से रूट परमिट तथा टैक्स से संबंधित दस्तावेज मांगे गए तो वह दिखाने में नाकाम रहा। जिस पर आरटीए विभाग ने बस आप्रेटर गांव संडील निवासी जसमेर को साढ़े 27 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

आगामी कार्रवाई आरटीए विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि संयुक्त टीम ने नरवाना के हरियल चौक पर बिना परमिट तथा बिना टैक्स की प्राइवेट बस को काबू किया है। आरटीए विभाग ने बस आप्रेटर को साढ़े 27 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। आगामी कार्रवाई आरटीए विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी।





जींद। सीएम फ्लाइंग द्वारा पकड़ी गई बस। फोटो :हरिभूमि

## किसान छात्र एकता संगठन ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

### विश्वविद्यालय में बनाए जाएं छात्र व छात्राओं के वोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

किसान छात्र एकता संगठन के पदाधिकारी चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी डा. रणपाल सिंह से मिले और विश्वविद्यालय में पढ़ रहे छात्रों के वोट महाविद्यालय में ही बनवाए जाने की मांग की।

किसान छात्र एकता संगठन के उप प्रधान अभिषेक ने वीसी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि हम सभी को गर्व है कि वो एक लोकतांत्रिक देश के नागरिक हैं और हमारे देश के विभिन्न त्योहार और पर्व मे सबसे बड़ा पर्व लोकतंत्र का महापर्व है। जैसे प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम और महायज्ञ में समस्त देशवासियों ने आहुति डालने का कार्य किया ठीक उसी प्रकार लोकतंत्र के इस महापर्व में विश्वविद्यालय के छात्र व छात्राएं वोट रूपी आहुति डालने का कार्य करेंगे। महासचिव अक्षय ने बताया कि डा. भीमराव अंबेडकर ने पूरे देश के तंत्र को चलाने के लिए आम जनता को एक वोट रूपी हथियार दिया है। जिसका प्रयोग हम सभी को मिलकर करना चाहिए तथा विश्वविद्यालय में नए प्रवेश के छात्र व छात्राओं का वोट बनवाने का कार्य विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा करवाया जाए ताकि विश्वविद्यालय के अंदर पढ़ रहे युवा अपने अधिकार और वोट का प्रयोग कर सकें। इस मौके पर विशु ढांडा, अमित, राहुल, जतिन, लक्ष्य आदि मौजूद रहे।



जींद। वीसी को ज्ञापन सौंपते किसान छात्र एकता संगठन सदस्य। फोटो :हरिभूमि



### टूटा रास्ता दे रहा हादसों को न्योता, जताया विरोध

**कलायत।** कलायत के गांव बढ़सीकरी कलां और बढ़सीकरी खुर्द के बीच सालों से मुख्य सडक का टूटा बड़ा हिस्सा बड़ी समस्या का रूप धारण कर चुका है। आवासीय क्षेत्र के बीच टूटी इस सडक के निर्माण की मांग अनगिनत बार ग्रामीण शासन-प्रशासन के समक्ष उठाते आए हैं। बाजवूद इसके समस्या जस की तस है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों गांव के मध्य इस सडक की दृष्टि से कोई सीमा रेखा नहीं है। राजबीर ढुल, सतबीर ढुल, किताब सिंह, जोरा सिंह, आनंद बढ़सीकरी, ईश्वर सिंह और गुरदेव सिंह ने कहा कि दोनों गांव परिवार की तरह से वर्षों से रह रहे हैं। लेकिन गांवों के बीच मार्ग की स्थित खेतों के कच्चे रास्तों से भी खराब है। इतना ही नहीं पानी निकासी का कोई जरिया न होने के कारण खुद मार्ग पर बीचों-बीच पानी बहता है।

### कैथलः मोटरसाइकिल की टक्कर से युवक की मौत

**कैथल।** कल्लर माजरा के नजदीक एक मोटरसाइकिल चालक ने युवक को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव चक्कू लदाना निवासी जसविंद्र सिंह ने चीका थाना में शिकायत दी कि उसकी बुआ कुलवंत कौर उनके पड़ोस में रहती है। उसकी बुआ की लडकी रणजीत कौर गांव के पास ही बूटा सिंह के साथ शादी शुदा है। बूटा सिंह चीका की एक राइस मिल में ट्रांसपोर्ट की गाड़ी चलाता है। 22 अप्रैल को बूटा सिंह गाड़ी राइस मिल में खड़ी करके ढाबा कल्लर माजरा मोड़ पर खाना खाकर वापस गाड़ी के पास पैदल जा रहा था।

# युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर 32 लाख रुपये हड़पे

■ अमेरिका भेजने की बजाय युवक को घर में बनाया बंधक, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर चार आरोपियों ने 32 लाख रुपये ठग लिए। बाद में युवक को छोटे-मोटे देशों में भेज दिया। जब वहां से आगे नहीं भेज सके तो उसे वापस भारत बुलाकर अपने घर में बंधक बना लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव बाकल निवासी अनिल कुमार ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि उसने अपने भतीजे सावन को विदेश भेजने के लिए गांव फूसगढ़ जिला करनाल निवासी सुरेंद्र से बातचीत की। सुरेंद्र, उसकी मां सरोज, पत्नी आशा व उसके भाई अनिल से बातचीत की, जो युवाओं को विदेश भेजते हैं। आरोपियों ने सावन को अमेरिका भेजने के लिए 32 लाख रुपये मांगे। साथ ही कहा कि वे युवक को काम भी दिलवा देंगे। आरोपियों ने उससे अलग-अलग समय में 32 लाख रुपये व लडके के दस्तावेज ले लिए। फरवरी 2022 में सावन को एक महीने का वीजा लगवाकर कंबोडिया भेज दिया और कहा कि वह सावन को कंबोडिया से आगे अमरीका भेज देंगे। वहां से उसको लावोस और फिर वापस भारत भेज दिया। उन्होंने इस बारे में आरोपियों से बात की तो उन्होंने कहा कि वे लडके को दोबारा अमेरिका भेज देंगे। मार्च 2023 में उसे अजरबेजान में भेज दिया और कहा कि वह उसे आगे अमेरिका में भेज देंगे, लेकिन उसे वहां से फिर भारत में भेज दिया। जयपुर हवाई अड्डे से आरोपियों ने सावन को अपने घर में लाकर लगभग तीन महीने तक बंधक बनाकर रखा और उसका फोन भी छीन लिया।

# 40 लाख ठगी के महिला सहित दो आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

विदेश भेजने के नाम पर 40 लाख रुपये ठगने के एक मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर राजकरण की अगुवाई में एएसआई महेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी उकलाना मंडी जिला हिसार निवासी विनय बवेजा तथा बीर बरान जिला हिसार निवासी महिला आरोपी मंदीप कौर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अलेवा जिला जींद निवासी जगबीर की शिकायत अनुसार बलराज नगर कैथल निवासी विकास रिश्ते में उसका साला लगता है। विकास की जान पहचान विनय बवेजा व उसकी पत्नी रमनदीप के साथ थी, जो युवाओं को विदेश भेजने का कार्य करते हैं। उसका पुत्र मोहित व उसके साले का लड़का कृष्ण अमेरिका जाना चाहते थे। आरोपी दंपती ने उसके साले विकास के साथ मिलकर विनय बवेजा के साथ मोहित व कृष्ण को अमेरिका भेजने के लिए प्रति व्यक्ति 40-40 लाख रुपये में बात तय कर ली। आरोपी दंपती ने वर्ष 2023 में अलग-अलग समय में युवकों को अमेरिका भेजने के नाम पर 40 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद उन्होंने 11 जून 2023 को कृष्ण व मोहित को दुबई भेज दिया। वहां दोनों युवकों को कई दिन तक रखा। उन्होंने युवकों को आगे भेजने के लिए आरोपियों से बातचीत की तो आरोपियों ने जगजीत नामक व्यक्ति से कृष्ण का पासपोर्ट चोरी करवा दिया और जगजीत ने 90 हजार रुपये की और मांग की। उन्होंने रुपये दे दिए, लेकिन फिर भी आरोपियों ने कृष्ण व मोहित को दुबई मे बंदी बनाकर रखा और जान से मारने की धमकियां देने लगे।

### लाखों रुपये ठगने का आरोप

**कैथल।** युवक को दुबई और वहां से इटली भेजने के नाम पर एक आरोपी ने डेढ़ लाख रुपये ठग लिए और युवक को वर्क की बजाय टूरिस्ट वीजा पर भेजकर विदेश में फंसा दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। खुराना रोड निवासी निर्मला देवी ने शहर थाना में शिकायत दी कि उसका लडका सूरज विदेश जाना चाहता था। इसके लिए उन्होंने सौंगल के रहने वाले अनिल से बातचीत की। अनिल ने उनके घर पर आकर कहा कि वह लडके को दुबई या इटली में सैटल करवा देगा। जिस पर वे उसकी बातों में आ गए। इसकी एवज में उसने 1.25 लाख रुपये दुबई के लिए व सात लाख रुपये इटली भेजने के लिए मांगे। 13 अक्तूबर 2023 को अनिल ने उनसे 1.25 लाख रुपये ले लिए उसके लडके को दुबई भेज दिया। वहां पर लडके का अपहरण कर पासपोर्ट व सभी दस्तावेज छीन लिए। आरोपी ने धोखाधड़ी कर उसके लडके का वर्क वीजा लगवाने की बजाय टूरिस्ट वीजा लगवा दिया। आरोपी ने उसके लडके को दुबई भेजने 10 दिन बाद 22 हजार रुपये उसे आगे इटली भेजने के नाम पर ले लिए। बाद में न तो लडके को इटली भेजा व न ही दुबई में काम दिलवाया है। आरोपी ने उनके साथ करीब 1.50 लाख रुपये की ठगी की है। लडके को अगवा करके दुबई में फंसा दिया है और अब उस पर एक लाख 25 हजार का जुर्माना लगवा दिया है। जब वह अपने लडके को वापस लाने बारे आरोपी से बातचीत करती है तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देता है। जांच अधिकारी सनेष कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्राथमिकता के आधार पहले आओ, पहले पाओ के तहत दिए जाएंगे

# विद्यार्थियों को टैबलेट देने का शेड्यूल जारी

■ फेल होने पर विद्यार्थी उसी स्कूल में पढ़ता है तो टैबलेट उसी के पास रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

ई-अधिगम योजना के तहत शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों को टैबलेट देने का शेड्यूल जारी किया गया है। यह टैबलेट्स प्राथमिकता के आधार पहले आओ, पहले पाओ के तहत दिए जाएंगे। यदि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाला विद्यार्थी कक्षा 10वीं में फेल हो जाता है व वर्तमान विद्यालय की 10वीं कक्षा में ही पढ़ता है तो वह पूर्व में प्रदान किया गया टैबलेट अपने पास रखेगा। वहीं 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं कि जिन विद्यार्थियों को प्रोविजनल एडमिशन दिया जाएगा, उन्हें विद्यालय में उपलब्ध स्टॉक में से टैबलेट्स दिए जाने हैं। प्रोविजनल एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों को टैबलेट्स देते समय विद्यालय अवसर पोर्टल के माध्यम से यह सुनिश्चित करेंगे कि संबंधित विद्यार्थी द्वारा अपना टैबलेट व सिम पुराने स्कूल में वापस कर दिया गया था तथा टैबलेट गुम या चोरी हो जाने की स्थिति में एफआईआर की कॉपी पिछले विद्यालय में जमा करवा दी गई थी। ऐसा विद्यार्थी जिसने कक्षा 11वीं में किसी अन्य विद्यालय में प्रोविजनल एडमिशन लिया है, यदि वह फेल हो जाने के उपरांत वापस अपने पिछले विद्यालय में जाता है तो वह नए विद्यालय से प्राप्त टैबलेट व सिम वापस करेगा। यदि ऐसा विद्यार्थी जिसने प्रोविजनल एडमिशन लिया है परंतु रिजल्ट आने के बाद वास्तविक दाखिला नहीं लेता है तो उससे टैबलेट व डाटा सीम वापस लिया जाना है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी निर्देश दिए हैं कि जिन पासआउट विद्यार्थियों से टैबलेट वापस लिए गए हैं, उनकी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध करवानी है।




### टैब कम होने पर भेजी जाएगी डिमांड

जिला गणित विशेषज्ञ आनंद सहारण ने बताया कि किसी भी विद्यार्थी को टैबलेट से संबंधित किसी परेशानी का सामना नही आने दी जाएगी। निदेशालय ने पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थियों को टैबलेट उपलब्ध हो जाए। राजकीय स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं।



कैथल। एचसी सुनील कुमार ग्रामीणों को जागरूक करते। फोटो :हरिभूमि

### नशा छोड़कर खेल को अपनाने का किया आह्वान

**कैथल।** नशे से आजादी मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम ने जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत एचसी सुनील ने स्यू माजरा, हेमू माजरा, भाटिया, चाणचक में आमजन को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत करवाया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा आमजन को जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, समाज का नाम रोशन करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया

**जींद।** हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में भारत विकास परिषद भूतेश्वर शाखा के सदस्यों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व प्रसाद वितरण किया गया। राष्ट्रीय समूहगान के प्रांतीय संयोजक प्रो. ओपी गुप्ता ने बताया कि भारत विकास परिषद हमेशा ही समाज में सेवा और संस्कार के कार्यों को करने में अग्रसर रहती है। शाखा अध्यक्ष नारीश रोहिल्ला ने बताया कि हमारे बच्चों में हमें अपने धर्म संस्कृति और संस्कारों के प्रति जागरूक करना चाहिए।

### अधिकारियों की पायलट रिहर्सल 26 व 27 को

**जींद।** अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी डा. हरीश वशिष्ठ ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर पीठासीन अधिकारी एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों की स्थानीय प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय में प्रातः 10 बजे पायलट रिहर्सल कराई जाएगी।

### बिजली ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरण चोरी

**जींद।** गांव हैबतपुर खेतों से बिजली ट्रांसफार्मर के कीमती उपकरण चोरी होने पर अलेवा थाना पुलिस ने बिजली निगम के एसडीओ की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि निगम द्वारा योजना के तहत गांव हैबतपुर निवासी देशराज के खेत में बिजली ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। रात को चोरों ने ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया।

### अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। भगत सिंह कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 22 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं राजपुरा भैण से भी 18 वर्षीय युवती घर से गायब हो गई।

### दो स्थानों पर टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद।** बीती रात चोरों ने अलग-अलग दो स्थानों पर ताले तोड़ कर बैटरी, इन्वर्टर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरौलीखेड़ा निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने इन्वर्टर तथा बैटरियों की दुकान खोली हुई है। बीती रात चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़ कर दो इन्वर्टर, बैटरी व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### रिटायर्ड कार्मचारी एसो. का चुनाव 27 अप्रैल को

**जींद।** रिटायर्ड कार्मचारी-अधिकारी एसोसिएशन जींद शहरी और ग्रामीण इकाई का चुनाव 27 अप्रैल को जाट धर्मशाला में होगा। चुनाव को लेकर एसोसिएशन की दो टीमों ने विभिन्न गांवों का दौरा किया। एक टीम में पिरथी सिंह मोर, उमेद सिंह ढांडा, मौनी राम व शमशेर सिंह ढांडा शामिल रहे। इस टीम ने अहिरका, बरसोला का दौरा किया और चुनाव को लेकर कर्मचारियों को प्रेरित किया।

### भाजपा ने हर वर्ग के लिए किए काम:संदीप

**उचाना।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष संदीप आर्य घोघड़िया एवं वरिष्ठ नेता सुरेंद्र नंबरदार सुदकैन ने कहा कि किसानों की कोई हितैषी सरकार है तो वो केंद्र की भाजपा सरकार है। किसानों के हित के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने किसान निधि शुरू की ताकि किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो। किसान बीमा फसल बीमा योजना शुरू की।

### बहुतकनीकी संस्थान में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुरू

**नरवाना।** राजीव गांधी राजकीय बहुतकनीकी नरवाना में प्रवेश प्रक्रिया के लिए पंजीकरण आज से आरंभ हो चुके है। इस राजकीय संस्थान की स्थापना 2009 में हुई थी तब से लगातार यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में उन्नत कार्य कर रहा है। दाखिला इंचार्ज डाक्टर अंजू ने बताया कि इस संस्थान में कुल छह ब्रांचों में 3 वर्षिय इंजीनियरिग डिप्लोमा करवाया जाता है।

---

### लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद पत्रकारों से बातचीत में बोले

# कांग्रेस अपने तुष्टिकरण के एजेंडे पर कर रही कार्य : सुभाष बराला

## एससी, बीसी का आरक्षण छीनकर मुस्लिमों को देना चाहती है कांग्रेस

- सभी दस सीटों पर जीतेगी भाजपा केंद्र में फिर बनेगी भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि कांग्रेस विकास और जनकल्याण के एजेंडे को बदल कर अपने पुराने तुष्टीकरण के खेल पर आ रही है। कांग्रेस और घमंडिया इंडी गठबंधन के लोग जिस प्रकार की भाषा बोल रहे हैं, उससे साफ है कि इन लोगों की नजर जनता के खजाने और उसकी संपत्ति पर है। उन्होंने कहा कि हरियाणा मे सभी दस सीटों पर भाजपा जीतेगी। सुभाष बराला बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष राजू मोर, महामंत्री डा. राज सैनी, बबलू गोयल, अशोक छाबडा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नेहरू तथा गांधी परिवार साम्रा'यवादी परम्परा को स्थापित करना चाहता है। जिसका जनता के हितों से कोई सरोकार नही है। जबकि पीएम नरेंद्र मोदी किसान और गरीब को किस प्रकार से मुख्य धारा में लाया जाए, इसको लेकर काम करते हैं। कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र में किसान तथा देशहित का जिक्र करने के बजाय देश के संसाधनों पर अल्पसंख्यकों और विशेषकर मुसलमानों का पहला हक की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से इस एजेंडे पर काम कर रही है। भाजपा सरकार ने कभी एक जाति की पैरवी वाली नीति नही बनाई। कांग्रेस जातिय व सांप्रदायिक वर्गीकरण करके सामूहिक व्यवस्था को तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र में जो कहा गया है वह बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान के खिलाफ है। संविधान में धर्म आधारित आरक्षण के लिए कोई जगह नही है लेकिन कांग्रेस एससी, एसटी, बीसी, ओबीसी 50 प्रतिशत आरक्षण को बदल कर मुस्लिमों को 15 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कर रही है। कांग्रेस की यह नीति धमांर्तरण को बढावा देने वाली है। भाजपा एक देश-एक कानून और एक व्यवस्था पर चल रही है। कांग्रेस भाजपा को सांप्रदायिक पार्टी बता कर खुद सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अब जनता जागरूक हो चुकी है। भाजपा के डर से कांग्रेस आज में अपने उम्मीद्वार नही उतार पाई है। उन्होंने कहा कि जनता के सामने सच्ची बात को लेकर जाना भाजपा का दायित्व बनता है। देश में धर्म आधारित आरक्षण नही हो सकता और कांग्रेस के इस छुपे एजेंडा को लागू करने से रोकना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा सीसी को लागू करेगी।

# बच्चों को पढ़ाया नैतिकता का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्यापकों व विद्यार्थियों के लिए एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की अध्यक्षता प्राचार्य डा. योगेंद्रपाल सिंह ने की। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी तेजबीर शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। अपने संबोधन में डा. योगेंद्रपाल सिंह ने कहा कि बच्चों को समय का पालन करना चाहिए। यदि हम समय की कद्र करेंगे तो समय बदलने में फिर समय नहीं लगेगा। मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। असफलता से कभी निराश नहीं होना चाहिए। मन में समाज सेवा की भावना होनी चाहिए। लक्ष्य को ध्यान में रखकर ही पढ़ाई करनी चाहिए। प्रत्येक छात्र को चाहिए कि प्रत्येक दिन कुछ अच्छा सीखकर जाएं और हर अध्यापक प्रतिदिन छात्रों को कुछ नया सिखाने का प्रयास करें। गीता में भी कर्म की महत्ता बताई गई है इसलिए हमें अपने कर्म को ईमानदारी व सत्यता के साथ करना चाहिए। समाज व देशहित में अपना योगदान देना चाहिए। महापुरुषों के चरित्र को अपने जीवन में उतारें। पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें।

### विद्यार्थियों ने किया बाबा ग़ैबी साहिब मंदिर का भ्रमण




**नरवाना।** वेदांता इंटर नेशनल किड्स स्कूल बसंत विहार में बच्चों को बाबा गैबी साहिब के मंदिर का भ्रमण करवाया गया। बाबा गैबी साहिब का मंदिर नरवाना शहर का मान्यता प्राप्त पौराणिक मंदिर हैं। मंदिर में बच्चों को धर्म के महत्व के बारे में बताया गया ताकि उन्हें अपनी संस्कृति की पहचान हो सकें। बच्चों ने मंदिर में भगवान के दर्शन किए और अपने प्रश्न अध्यापको से किए। बच्चों ने मंदिर में बने पार्क का आनन्द लिया। मंदिर में अध्यापको व बच्चों ने महंत अजय गिरि महाराज का भी आर्शिवाद लिया। स्कूल के डायरेक्टर ईजीं प्रदीप नैन और प्राचार्या उमा यादव ने मंदिर भ्रमण से संबंधित अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के भ्रमण से बच्चों का बौद्धिक और मानसिक विकास के साथ-साथ अध्यात्मिक विकास भी संभव होता है। उन्होंने कहा इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों का बौद्धिक विकास तथा धर्म और अपनी संस्कृति से अवगत कराना है। भविष्य में भी इस तरह के भ्रमण का आयोजन स्कूल के द्वारा करवाया जाता रहेगा ताकि बच्चों का पूर्ण विकास संभव हो सकें।

### धरने का नाम बदलकर राजनीति धरना रख लें

**उचाना।** आढ़ती एसोसिएशन प्रधान सत्यवान पेगां, आढ़ती दलबीर श्योकंद ने कहा कि जो उपमंडल कार्यालय में किसानों का धरना चल रहा है वो किसानों का धरना न होकर राजनीति से प्रेरित धरना होता जा रहा है। यहां पर जो धरना संयोजक है उनकी टीम निरंतर ऐसी शिकायत प्रशासन को फसल के सीजन संबंधित करती है जिसका कोई आधार नहीं होता है। इन लोगों को चाहिए कि वो इस धरने का नाम बदलकर राजनीति धरना रख लें। क्योंकि ये लोग खुद की राजनीति रोटियां सेंकने के लिए किसानों के नाम का सहारा लेते है। बीते दिनों की गई धर्मकांटे में तोल संबंधित शिकायत के बाद जब एसडीएम ने खुद धर्म कांटों की जांच की तो सभी कांटों पर तोल सही मिला।

# कैंप में 116 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन आशीर्वाद से मानव एकता दिवस का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रांच जींद एवं सफीदों, जुलाना, बीबीपुर, डाहौला के गांव से अधिक संख्या में श्रद्धालु भक्त सम्मलित होकर बाबा गुरबचन सिंह एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके महान जीवन से प्रेरणा लेते हुए रक्तदान किया। जींद में आयोजित इस रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहित करने हेतु रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा निर्धारित खानपुर पीजीआई के प्रशिक्षित डाक्टर व नसोंर् की टीम सम्मिलित हुई। जिसमें 220 श्रद्धालु भक्तों ने फार्म भरे। जिसमें 40 बहनें और 180 भाई रहे और डॉक्टर टीम ने 116 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इसी उपलक्ष मे संत निरंकारी सत्संग भवन पर रात्रि सत्संग कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमे बाबा गुरु वचन सिंह महाराज एवं अनेको संतो द्वारा मिशन के लिए दी गई कुर्बानियों को याद किया गया। युगप्रर्वतक बाबा गुरबचन सिंह ने संपूर्ण जीवन मानवता के कल्याणार्थ समर्पित किया। उन्होंने ब्रह्मज्ञान की दिव्य दात द्वारा मानव को मानव से जोड़ कर प्रेम और मिठास की सदा बहने वाली निर्मल धारा को प्रवाहित कर हर हृदय में अपना स्थान बनाया।

### परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

**जींद।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में चार मई को सुबह युवा ब्राह्मण समाज जींद शहर में विशाल शोभायात्रा निकालेगा। यह यात्रा महाभारत कालीन जयंती देवी मंदिर से शुरू होकर सफीदों रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में संपन्न होगी। इस यात्रा में हर वर्ग के लोग शामिल होकर अपनी मनोकामनाओं के लिए भगवान परशुराम के आगे अर्जी लगाएं। इसको लेकर ब्राह्मण समाज के युवा पिछले कई दिनों से लोगों के बीच जाकर न्यौता दे रहे है। बुधवार को प्रवीन वशिष्ठ शामदों, चांद पिंडारा, रणबीर कंडेला, सचिन सफीदों, सतीश अलेवा, सोनू कोच, प्रवीन डहोला, राहुल अहिरका, कृष्ण वशिष्ठ, मनीष गौतम, हरिओम शास्त्री आदि युवाओं ने मुआना, सिंघाना, रत्ताखेड़ा, जामनी, कंडेला, शाहपुर, रामराये, ईगराह, बराहकलां, पिंडारा, शामदो, अलेवा, डहोला, जीवनपुर सहित अन्य गांव का दौरा किया। युवाओं ने अलग-अलग टीम के मार्फत ग्रामीण आंचल में दस्तक दी। प्रवीन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी विशाल यात्रा भव्य तरीके से निकाली जाएगी।

# आरव, रिदम और प्रणय ने पाया प्रथम स्थान

- सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड में मोतीलाल स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। प्रतियोगिता में अव्वल रहे बच्चे। फोटो :हरिभूमि

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि पिछले दिनों आयोजित सामाजिक विज्ञान ओलंपियाड प्रतियोगिता में विद्यालय के 20 छात्रों ने सहभागिता दर्ज की। सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में सद्वक्तलता का परचम लहराने वाले मोतीलाल स्कूल के विद्यार्थियों में ओलंपियाड परीक्षा के तहत सामाजिक विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। ओलंपियाड परीक्षा में शत-प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा देते हैं तथा सफलता हासिल करते हैं और आगे बढ़ते हुए आठवीं कक्षा का छात्र आरव, सातवीं कक्षा के छात्र रिदम और छठी कक्षा की प्रणय ने ओलंपियाड सामाजिक विज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता। द्वितीय स्थान पर कक्षा आठवीं का हर्षित ने अपना स्थान निर्धारित किया। ओलंपियाड परीक्षा देने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर और मेडल पहन कर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्वर्ण पदक जीतने वाले आरव, रिदम और प्रणय को विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार तथा विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा, हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार द्वारा सम्मानित किया गया।



बैठक को संबोधित करते इनेलो उम्मीद्वार रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक अनुप सिंह दहिया।

### ताऊ देवीलाल के दिखाए मार्ग पर चल रही पार्टी : दहिया

**जींद।** इनेलो के के सोनीपत लोकसभा सीट के जिला जींद के तीन हलकों की बैठक पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष रामफल कुंडू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जींद, सफीदों व जुलाना के सभी प्रदेश, जिला व हलका स्तर के पदाधिकरियों एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सोनीपत लोकसभा से इनेलो उम्मीद्वार रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक अनुप सिंह दहिया ने कहा कि सोनीपत की जनता ने उन्हें सांसद बना कर देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में भेजने का काम किया तो वहां आमजन की आवाज को मजबूती से उठाने काम किया जाएगा। ताऊ देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाने वाली इनेलो ने उन्हें अपना उम्मीद्वार बनाया है। अभय चौटाला की टीम के वो सदस्य बने हैं। चौटाला ने पार्टी को मजबूती दी एवं मजबूत संगठन खड़ा किया और इसके साथ-साथ हरियाणा की विधानसभा में हरियाणा के हर वर्ग की आवाज को बुलंद करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अभय के कुशल नेतृत्व एवं अथक मेहनत के परिणाम स्वरूप इनेलो लोकसभा चुनाव में सबसे मजबूत पार्टी बनकर उभरेगी।

# हसनपुर में निकाली जागरूकता रैली

- बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक से करवाएं उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा




हसनपुर में जागरूकता रैली निकाली स्कूली बच्चे तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम।

नगूरां पीएचसी के अधीन स्वास्थ्य विभाग की टीम व राजकीय माध्यमिक विद्यालय हसनपुर के स्कूली बच्चों द्वारा विश्व मलेरिया दिवस के पहले दिन गांव में जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि मलेरिया मादा एनाफिलिज मच्छर के काटने से फैलता है। जब मादा एनाफिलिज गर्भवती होती है तो इसको अधिक खून की आवश्यकता होती है और वह लोगों को अपना शिकार बनाती है। मलेरिया नामक रोगी को कंपकपी के साथ बुखार, पसीने के साथ बुखार उतरना और एक दिन छोड़ कर बुखार होना, शरीर में दर्द और उल्टी आना आदि इस रोग के लक्षण होते हैं।

रोग से बचाव के लिए घर के आसपास गंदगी और पानी इक्कठा न होने दें। घरों की खिड़कियों पर जाली लगवाएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। सप्ताह में संडें को ड्राई डे के रूप में मनाते हुए होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे और छतों पर पड़े कबाड़ की सफाई करें। बुखार होने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर रक्त पट्टिकाएं बनवाएं। मलेरिया रोग घोषित होने पर रोगी द्वारा मूल उपचार लेना अति आवश्यक है।




जींद। मतदान को लेकर शपथ लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**जींद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शपथ ग्रहण, हस्ताक्षर अभियान एवं आईवाईसीएफ के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मोटिवेशन शिविर में जिला में कार्यरत सभी सीडीपीओ और सुपरवाइजर उपस्थित रही। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलोचना कुंडू ने बताया कि शपथ ग्रहण एवं हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य मतदान के महत्व के बारे में नागरिक जिम्मेदारी और जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और बताया कि कैसे प्रतिबद्ध नागरिक देश के भविष्य को आकार देने में योगदान दे सकते हैं। जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करना है। जिससे वे चुनाव के दौरान सूचित निर्णय लेने में सक्षम हो सकें। उन्होंने नागरिक जागरूकता को बढ़ावा देने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सक्रिय रूप से लोकतंत्र में शामिल होना चाहिए।

### हरियाणा के मुख्य सचिव ने वीसी कर उपायुक्तों को दिए निर्देश

# किसी भी सूरत में न हो अवैध शराब की बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। वीसी में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने वीसी के माध्यम से हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव, चिन्हित अपराध तथा लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रदेश के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को विशेष निगरानी व सहयोग करने के निर्देश दिए। इस पर उपायुक्त ने मुख्य सचिव को आश्वस्त करते हुए कहा कि जो भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं उनकी अक्षरशः पालना की जाएगी। वीसी उपरांत उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के संबंधित विभागाध्यक्षों की बैठक ली और दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन के साथ-साथ पशुधन एमवेशियों के लिए पशु कुंड बनाने की तैयारियां व प्रबंध करेंए साथ ही उनके लिए पर्याप्त मात्रा में पीने के पानी की व्यापक व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने गर्मी में आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के मद्देनजर फायर ब्रिगेड की गाडियों को दुरूस्त करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को कहा। उपायुक्त ने आमजन से आह्वान किया कि गर्मी के मौसम में निजात दिलाने में जल अति महत्वपूर्ण है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति जल को व्यर्थ न बहाए। उपायुक्त ने कहा कि पोक्सो एक्ट, एनडीपीएस कमर्शियल, एमटीपी, पीसी एक्ट करप्शन मामले ये सभी चिह्नित अपराध की श्रेणी में आते हैं। कोर्ट में जाने से पहले पूरी गहनता से जांच कर रिपोर्ट तैयार करें और पीड़ित व्यक्ति को मामले से संबंधित पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट बारे अवगत करवाया जाए।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ, जिला नगरायुक्त वीरेंद्र सहरावत, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. किरण सिंह, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता जितेंद्र दुल, जींद के एसडीएम राकेश सैनी, नरवाना के एसडीएम अनिल कुमार दून, सफीदों के एसडीएम मनीष फौगाट, उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक, अधीक्षक कारागार जेल संजीव कुमार सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



जींद। नाटक प्रस्तुत करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### पंचायत हमारी प्रशासनिक इकाई का मूलभूत आधार

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में राष्ट्रीय पंचायती दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से इस दिन के महत्व को उजागर किया। बच्चों ने भाषण, नाटिका आदि के माध्यम से ग्रामीणस्तर की संसद की योजना व उसके कायोंर् को शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। ग्रामीण शासन में यह सत्ता की औपचारिकता है। जमीनी स्तर पर सत्ता के विकेंद्रीकरण के लिए इसका गठन किया गया।अपने संबोधन में निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि ग्राम स्तर पर प्रशासन की मूलभूत ईकाई हमारी ग्रामसभा होती है। गांव की साफ-सफाई, सुरक्षा, शिक्षा-चिकित्सा व न्याय संबंधी सभी मामलों की देखरेख का कार्य ग्राम पंचायत का ही है। उन्होंने बच्चों की इन प्रस्तुतियों के लिए उनका मनोबल बढ़ा कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कैथल।** गांव सांपन खेड़ी के पास एक कार चालक ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव सेगा निवासी दरवेश ने सदर थाना में शिकायत दी कि 23 अप्रैल को रात के समय वह अपने चचेरे भाई प्रदीप के साथ मोटरसाइकिल पर कैथल से गांव जा रहा था। जब वे गांव सांपन खेड़ी के पास पहुंचे तो अज्ञात कार चालक ने उन्हें टक्कर मारकर घायल कर दिया। कार चालक मौके से भाग गया। जांच अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाहिता से दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**कैथल।** चीका पुलिस ने विवाहिता से दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। चीका की एक कॉलोनी निवासी 38 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को शिकायत दी कि 22 अप्रैल को रात आरोपी गुरविंद्र ने उनके घर पर आकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर आरोपी ने उसे मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी सरोज ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जाट कॉलेज कैथल में एनइपी पर ट्रेनिंग कैंप लगाया

# टूरिज्म मैनेजमेंट के क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट कॉलेज कैथल के सभागार भवन में एक एनइपी 2020 ट्रेनिंग कैंप का आयोजन जाट हाई स्कूल सोसाइटी के तत्वाधान में करवाया गया। इस कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में शमशेर सिंह सिरोही रिटायर्ड डीइओ पहुंचे। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर राजकला सिहाग पूनिया ने मुख्य अतिथि का विधिवत रूप से स्वागत किया। अन्य अतिथि के रूप में जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रशासक चंद्रशेखर सहारण ,डॉ मीना शर्मा, रामपाल सेवा निवृत्त एक्शन, प्रो अनिल ललित , सतीश कुमार,डॉ बी आर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल, डॉ सुशील कुमार राजकीय महाविद्यालय बेरियां ,पिहोवा कुरुक्षेत्र,जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के प्राचार्य पंकज गुप्ता, जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सुबे सिंह मलिक आदि ने शिरकत की। इस कैंप में ट्रेनिंग के दौरान डॉक्टर मीना शर्मा ने एनइपी 2020 के बारे में विस्तार से बताया। सिरोही ने इसमें कौन-कौन सी कठिनाइयां आती है और उनके निदान के माध्यम बताएं। कॉलेज प्राचार्य डॉ राजकला सिहाग ने सर्वांगीण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के केंद्र बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डॉ अनिल ललित ने टूरिज्म मैनेजमेंट के क्षेत्र में रोजगार के अवसर के बारे मे बताया। डॉ सुशील कुमार ने भौगोलिक क्षेत्र हो रहे परिवर्तन के बारे में विस्तार से बताया यह ट्रेनिंग कैंप शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग के लिए एक लाइट हाउस की तरह कार्य करेगा। इस अवसर पर सभागार भवन में प्रो आरती, प्रो सीमा माजरा ,प्रो मोनिका मान, प्रो राजेश , डॉ राजेश , करण सिंह बलजीत ,अनिल मलिक, मनोज गोयत ,अमनदीप कौर ,कविता दर्शन आदि मौजूद रहे।



**कैथल।** एनइपी 2020 ट्रेनिंग कैंप में अधिकारियों का स्वागत करते जाट कालेज के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि




### गोल्ड लाइफ स्कूल में खेल प्रतियोगिता हुई

**राजौंद।** राजौंद के गोल्ड लाइफ स्कूल में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में खेल के प्रति बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान लड़को ने वालीवाल और लड़कियों ने रस्सा कस्सी तथा खो.खो में अच्छा प्रदर्शन किया। स्कूल प्रधानाचार्य शिव कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्कूल में बच्चों के बने चार विभागों में जिसमें अल्बर्ट हाउस, स्टीफन हाउस, गैलीलियो हाउस और आइजेक हाउस के बीच हुई। वाली वाल प्रतियोगिता में गैलीलियो हाउस ने प्रथम स्थान व अल्बर्ट हाउस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में अल्बर्ट हाउस प्रथम व गैलीलियो हाउस दूसरे स्थान पर रहा। अंतिम खेल खो.खो में गैलीलियो हाउस ने प्रथम व आइजैक हाउस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक यशपाल राणा ने खेलो के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं। प्रतियोगिता के अंत में बच्चों को स्कूल प्रबंधक द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान मैनेजिंग डायेक्टर जितेंद्र राणा, पी टी आई जोगेंद्र, सुनील ढुल, मनदीप ढुल, दुष्यंत कुमार सहित समस्त स्टाफ ने भी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी।

### राज्यस्तरीय भूगोल क्विज में द्वितीय रही आरकेएसडी महाविद्यालय की टीम



**कैथल।** आर.के.एस.डी. महाविद्यालय कैथल की टीम ने राज्य स्तरीय भूगोल क्विज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। इसका आयोजन एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल द्वारा सोमवार को किया गया। प्रतियोगिता में कुल 7 चरण करवाए गए जिनमें भारत का भूगोल, भू-आकृति विज्ञान, जलवायु विज्ञान, मानव भूगोल, प्रायोगिक भूगोल, चित्रात्मक भूगोल तथा दूरस्थ संवेदन आदि विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। डॉ. संजय गोयल और विभागाध्यक्ष डॉ. राघवीर सिंह ने बच्चों का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आशीष ने जीता गोल्ड मेडल



**गुहला-चीका।** फर्स्ट साउथ एशियन कुराश (जूडो) चैंपियनशिप 2024 में भारत के केरल राज्य के कोचीन शहर में हो रहे खेल में चीका के आशीष ने 60 किलो भार में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेडल जीत कर अपने घर आए आशीष का उनके वार्ड नम्बर 1 के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। मालूम रहे कि आशीष पिछले 5 वर्षों से कैथल के ग्राउंड इंडोर स्टेडियम में जोगिंदर, संदीप कोच, सपना मैडम से प्रशिक्षण ले रहा है। इससे पहले आशीष स्टेट में राष्ट्रीय लेवल के अवार्ड भी जीत चुका है। आशीष के परिवार के एक सदस्य कर्म चंद प्रजापति ने बताया कि आशीष का पिछले महीने ही साउथ एशिया कुराश चैंपियन 2014 में चयन हुआ था।

# जरूरतमंद व मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए 3 लाख 50 हजार की राशि बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने एक महत्वपूर्ण छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और उच्च शिक्षा प्राप्त करने में योग्य छात्रों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। 24 अप्रैल, 2024 को साइंस ब्लॉक के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के एक उद्यमी और पूर्व छात्र श्री सचिन बंसल ने की। उन्होंने कॉलेज के जरूरतमंद और मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति के लिए 3,50000 रुपये का दान दिया। समारोह की शुरूआत प्रिंसिपल डॉ. संजय गोयल के गर्मजोशी से भरे स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने उन दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया जिनकी उदारता से ये छात्रवृत्तियां संभव हो पाई हैं। उन्होंने विविध पृष्ठभूमि के छात्रों को उनकी शैक्षिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सशक्त बनाने में छात्रवृत्ति के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया।राष्ट्रीय विद्या समिति के अध्यक्ष अश्विनी कुमार शोरेवाला, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर बंसल, महासचिव पंकज बंसल, कोषाध्यक्ष अशोक मंगल और कॉलेजियम सदस्य महेश मंगल इस अवसर पर उपस्थित थे और उन्हें उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। छात्र सहायता एवं कल्याण समिति की संयोजक डॉ. सीमा गुप्ता ने दानदाताओं सचिन बंसल, राजेश गोयल, संदीप शर्मा, डॉ. राणा प्रताप गन्नौरी, डॉ. वी.के. सिंघल, डॉ. बसंत कुमार गुप्ता, डॉ. संजय गोयल, डॉ. एसएस मेहला, डॉ. राजबीर पाराशर, डॉ. सीमा गुप्ता, डॉ. अनिल नरूला, डॉ. गीता गोयल, डॉ. शिल्पी अग्रवाल और डॉ. रचना सरदाना का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनका निरंतर सहयोग शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और होनहार व्यक्तियों के लिए अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समारोह के दौरान लगभग 110 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। डॉ. विकास भारद्वाज ने मंच का कुशलतापूर्वक संचालन किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य डॉ. शिल्पी अग्रवाल, डॉ. जयबीर धारीवाल, डॉ. संजय गर्ग, डॉ. अनिल जिंदल, गौतम, अशोक तंवर और तिवारी भी मौजूद थे। आरकेएसडी समानता और समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर गर्व करता है, यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक छात्र को वित्तीय बाधाओं के बावजूद आगे बढ़ने का अवसर मिले। छात्रवृत्ति वितरण समारोह एक अधिक समावेशी और सुलभ शैक्षिक वातावरण बनाने में आरकेएसडी समुदाय के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण था।



**कैथल।** विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति वितरित करते आरकेएसडी के पदाधिकारी

### डीसी तथा पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का दौरा

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार व पुलिस अधीक्षक उपासना ने विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा करके संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।अपने दौरे के दौरान उन्होंने कमेटी चौक स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ब्वॉयज, पट्टी अफगान स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्रताप गेट स्थित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, गांव नंदकरण माजरा का सरकारी स्कूल तथा गांव सेरधा के सरकारी स्कूल में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिला में 386 लोकेशन पर 807 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 619 ग्रामीण क्षेत्र में तथा 188 शहरी क्षेत्र में स्थापित किए गए हैं। इन सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार बिजली, पानी, रैंप,व्हील चेयर व अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएं। लोकसभा आम चुनाव को लेकर मतदान आगामी 25 मई को होगा।

# धरने पर ट्रैक्टर रैली को लेकर किया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद में धरना स्थल पर 1 मई को ट्रैक्टर रैली को लेकर किसान यूनियन के पदाधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान किसान यूनियन के जिला प्रधान महावीर चहल, नरेंद्र सिंह, जोगिंद्र कैलरम ने धरना समिति के साथ मिलकर बातचीत की। इस दौरान महावीर चहल ने कहा कि सरकार अपनी आंखें खोले 1मई के बाद यह आंदोलन सरकार की पकड़ से बाहर हो जाएगा। इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। धरना समिति के प्रधान राकेश राणा ने कहा कि किसान यूनियन टिकैत ग्रुप जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह, जिला सचिव महेंद्र सहारण संयुक्त किसान मोर्चा बलकार कौलेखां, किसान नेता बलकार खुराना, गुरनाम फरल जिला कार्यकारी अध्यक्ष चढुनी ग्रुप, केवल सिंह चीका उप प्रधान, जरनैल सिंह चीका प्रभारी चीका इन सभी किसान नेताओं ने एक मई को होने वाले ट्रैक्टर रैली में शामिल होने का आश्वासन दिलाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जिस प्रकार राजौंद नगर के लोगों को कॉलेज से जुड़ी हुई जनभावना का मजाक उड़ाने का काम किया है। इसका खामियाजा सरकार को आने वाले चुनावों में भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा प्रत्याशी नवीन जिंदल को वोट मांगने के लिए राजौंद में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इसके लिए चाहे उन्हें कोई भी खामियाजा भुगतना पड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा के किसी भी मंत्री पूर्व मंत्री या नेता को राजौंद में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। समिति प्रवक्ता काका राणा ने कहा कि अब हमारा पूरा ध्यान एक मई की ट्रैक्टर यात्रा पर है इस ट्रैक्टर यात्रा के आयोजन को लेकर बुधवार को गांव माजरा रोहेड़ा, रोहेड़ा नीमवाला गांव में लोगों को ट्रैक्टर प्रर्दशन में शामिल होने का नियंत्रण दिया गया। इस दौरान किसान नेता मनजीत करोड़ा ने धरना समिति पदाधिकारी को 1 मई के ट्रैक्टर प्रर्दशन को लेकर बातचीत की 1 मई की रैली में फुल सपोर्ट देने व शामिल रहने का आश्वासन दिया। समिति के पदाधिकारी ने बताया कि उनका आसपास लगते लगभग 30 गांवों में जाने का कार्यक्त्रम तैयार किया हुआ है। इसके अलावा समिति पदाधिकारी राजौंद में डोर टू डोर लोगों से बातचीत करेंगे ताकि 1 मई को ट्रैक्टर प्रदर्शन को ताकत मिले।




**राजौंद।** धरने पर नारेबाजी करते समिति सदस्य व किसान यूनियन नेता।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान बिंदा शर्मा महीपाल राणा नरेंद्र चावल, घनश्याम, विनोद सैन, जयपाल, मुकेश, उदयवीर, कुलदीप शर्मा, बंटी, गौरव, कर्मवीर, ज्ञान सिंह, हरपाल, कुलदीप, सिंदा, कालू, मास्टर संदीप कुक्कू पप्पू राणा, विनोद, बिल्ला राणा, सुनील शर्मा, सुनील राणा, गोधू शर्मा अमन राणा बलवंत शर्मा सहित भारी संख्या में कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# गर्मी में लू से बचाव के लिए संबंधित विभाग पूरी तैयारियां एवं प्रबंध करें सुनिश्चित: प्रशांत पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि आगामी दिनों में गर्मी बढ़ने से तापमान में बढ़ोतरी होगी, जिसके चलते संबंधित विभागों के अधिकारी समय रहते आवश्यक प्रबंध करना सुनिश्चित करें, ताकि गर्मी के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी न हो। सभी विभाग गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए पूरी तैयारियां व प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे हीट वेव से बचाव के लिए अपनी-अपनी एडवाईजारी जारी करें। डीसी प्रशांत पंवार लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में हीट-वेव यानि गर्मी में लू से बचाव विषय पर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों से हीट-वेव, चिन्हित अपराध, चुनाव संबंधित तैयारियों के बारे में समीक्षा बैठक ली। डीसी प्रशांत पंवार ने सभी एसडीएम, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, पशु पालन विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, रोजगार विभाग, रोड़वेज विभाग, शिक्षा विभाग, वन मंडल, पंचायती विभाग व पर्यटन आदि प्रमुख विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे नागरिकों को हीट-वेव से बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। डीसी ने श्रम विभाग के निर्देश दिए हैं कि उद्योगों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए कार्य के दौरान विश्राम के लिए उचित जगह निर्धारित करवाएं और उनके लिए पेयजल का पर्याप्त प्रबंध हो। इसके साथ ही श्रमिकों को हीट वेव से बचाव के बारे में जागरूक किया जाए।

डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों व आंगनवाड़ी केंद्रों में जरूरी दवाईयां एवं ओआरएस की सप्लाई पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करें। हैल्थ सैंटरों में हीट वेव वार्ड बनाए जाएं। ठंडे पीने के पानी की व्यवस्था भी हो। कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाए। कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसलों पर लू से पड़ने वाले प्रभावों के बारे में जागरूक करें। पशुपालन विभाग के अधिकारी गांवों में लू से पशुओं पर पड़ने वाले प्रभाव से बचाव के तरीके बताएं। ग्रामीण विकास व विकास एवं पंचायत, पंचायती राज संस्थाओं को निर्देश दिए कि वे मनरेगा श्रमिकों के लिए दिन के समय अत्यधिक गर्मी से बचने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करें। स्कूलों में बिजली कटौती के दौरान पावर बैक अप का प्रावधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हीट अलर्ट और एहतियाती उपाय बारे आमजन को जागरूक करें। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मार्किट व अन्य सरकारी संस्थानों में उचित पानी की व्यवस्था करें।




**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार अधिकारियों की बैठक लेते हुए

### संयुक्त किसान मोर्चे का धरना लगातार जारी

**नरवाना।** आज 734 वें दिन भी नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह रा'य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा जिसकी अध्यक्षता रत्न सिंह हथो ने की और मंच संचालन महेन्द्र सिंह धर्मगढ़ ने किया। मास्टर बलबीर सिंह रा'य अध्यक्ष किसान सभा ने मंच सांझा करते हुए कहा कि सप्ताहिक मीटिंग में सामूहिक सर्वसम्ति से फैसला लिया कि प्रत्येक गांव में सौहार्दपूर्ण मोहाल तैयार किया जाएगा। गांव के लोगो से अपील करेगी कि भाजपा और उसके सहयोगियों से गांव से बाहर एमएसपी की गारंटी बिजली बिल की वापसी किसान मजदूरों की पूर्ण कर्जा मुक्ति लखीमपुर खीरी के किसानों के कातिलों बारे बिना शर्त ए55 ए60 साल से अधिक आयु के सभी महिलाए पुरुषों को 10 हजार प्रति मास पैंशन मिले आदि पर प्रश्न पूछने की तैयारी रखी जायेगी।




**पूंडरी।** गांव जांबा में गुरु रविदास मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त करते नवीन जिंदल।

# थारा भाई किसी भी काम में कम कोई ना : जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

थारा भाई किसी भी काम कम कोई ना। चाहे हवाई चलवालो, घोड़ा दौड़वालो, बंदूक चलवा लो कोय भी काम करवा लो किसी ते कोई कम नहीं है। ये कहना था कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल का, जो गांव जांबा में सतपाल जांबा व मोहना में महिपाल मोहना द्वारा आयोजित ग्रामीण सभा को संबोधित कर रहे थे। जिंदल ने ये बात पत्रकारों के सवाल के जवाब में भी कही जब उनसे पूछा गया कि आप ऐसा बोलकर दूसरी पार्टी के प्रत्याशियों को चैलेंज कर रहे हो, तब उन्होंने कहा कि ऐसा ही समझलो, वे हर तरह से मुकाबला करने के लिए तैयार है। जिंदल अकसर अपनी सभाओं में कहते है कि वे किसी डर में भाजपा में नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर आए है। देश की जीडीपी 11 से सीधे पांचवें स्थान पर आ चुकी है, जो देश के विकास में निरंतर वृद्धि के संकेत है। भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल ने गांव जांबा में जीत के लिए गुरु रविदास के मंदिर में जाकर आशीर्वाद लिया। हर पार्टी के प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में जीत प्राप्त करने के लिए हर प्रकार के हथकंडे अपना रहे हैं।

### दो दिवसीय बाल संस्कार एवं चरित्र निर्माण योग शिविर प्रारंभ

**राजौंद।** पतंजलि योग पीठ हरिद्वार एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट गुहला चीका के तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टटियाना में दो दिवसीय बाल संस्कार एवं चरित्र निर्माण योग शिविर के पहले दिन का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या सरिता ने किया। पंतजलि जिला प्रभारी एवं आचार्य हरिओम शोकल ने शिविर में बच्चों को प्राणायम, योग, व सूर्य नमस्कार का पूर्ण अभ्यास भी कराया। उन्होंने कहा की हमें बच्चों में शुरू से ही योग व संस्कार डालने का प्रयास करना चाहिए। ताकि बड़े होकर बच्चे योगी व संस्कारवान बने। उन्होंने कहा कि आज बच्चे किताबों से जानकारी तो प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन संस्कारों में पिछड़ रहे हैं जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बच्चों को उच्च संस्कार देना बहुत जरूरी है।

### समस्या के प्रति विभागीय लापरवाही से कॉलोनी वासियो में रोष

# बलकार कॉलोनी की सड़क गंदे पानी से बनी तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

करनाल मार्ग स्थित बलकार कॉलोनी के लोग उपेक्षा व अनदेखी से उपजी समस्याओं से परेशान हैं। कालोनी वासी सुरेश कुमार, आशु, अजय व पंकज आदि ने कहा कि बी.डी.पी.ओ. की अनदेखी के चलते मुख्य मार्ग से कॉलोनी तक पहुंचने के लिए बनी सड़क पर अब पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। गत दिवस हुई जरा सी बारिश में यह रास्ता खराब हो गया है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि जरा सी बारिश उनके लिए मुसीबत लेकर आती है। अब बारिश के बाद कीचड़ भरे रास्ते से लोगों का आना-जाना मुश्किल बना रहेगा। यहां से लोग पैदल किसी तरह निकल जाते हैं, पर 2 पहिया या 4 पहिया वाहन नहीं निकल पाते हैं। जब कोई गंभीर बीमार हो या फिर प्रसव पीड़ा से तड़पती प्रसूता को अस्पताल ले जाने नौबत आए तो और भी अधिक समस्या आती है। नालों में गंदगी की सफाई न होने के चलते और नालों के ओवरफ्लो होने के बाद गंदा पानी गलियों में बहने से भी कॉलोनी में गलियों की तालाब जैसी स्थिति बन जाती है। ऐसा नहीं है कि कॉलोनी के लोगों ने इस समस्या को लेकर किसी अधिकारी अथवा जनप्रतिनिधियों (सांसद, विधायक, मंत्रियों) को गुहार ना लगाई हो। लोगों का कहना है कि वे पूर्व रा'यमंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व सांसद रहे वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा के तमाम पदाधिकारी, विधायक और बी.डी.पी.ओ. सहित सभी अधिकारियों को गुहार लगा चुके हैं परंतु कोई भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं की तरफ ध्यान नहीं दे रहा और यह समस्या लोगों के लिए जी का जंजाल बनी हुई है।



**पूंडरी।** कैथल-करनाल मार्ग पर जमा बरसात का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

#### सड़कों पर पानी जमा नहीं रहने दिया जाएगा

सफाई कर्मचारियों को बोल दिया गया है और कल सुबह सफाई कर्मचारी नालों की सफाई कर देंगे। सड़कों पर पानी नहीं जमा रहने दिया जाएगा, समय-समय पर पहले भी नालों की सफाई करते रहते हैं। - **राज सिंह**, बी.डी.पी.ओ. पूंडरी।

**सूचना**

मैं, महाबीर पुत्र श्री दलीप सिंह निवासी कुलतारण कैथल जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरा नाम पहले महाबीर सिंह (Mahabir Singh) था और अब मैं अपना नाम महाबीर (Mahabir) करवाना चाहता हूं। अब मुझे महाबीर (Mahabir) के नाम से जाना जाए।

**सूचना**

मैं, सुशीला रानी पत्नी श्री कुलदीप सिंह निवासी गली नं. 2, जनकपुरी कॉलोनी, न्यू करनाल रोड, कैथल बयान करती हूं कि पहले मुझे सुशीला के नाम से जाना व पुकारा जाता था। अब मैंने मेरे सभी दस्तावेजों के अनुसार अपना नाम सुशीला से बदलकर सुशीला रानी रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम सुशीला रानी के नाम से जाना व पुकारा जाए।

## खबर संक्षेप

### घर-घर दस्तक देंगी जेजेपी की एससी सेल

**उचाना।** बुधवार को शहर के रजबाहा रोड स्थित जेजेपी कार्यालय में जेजेपी एससी सेल की प्रदेश पदाधिकारियों की मीटिंग हुई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी प्रीतम कौलेखां पहुंचे तो अध्यक्षता प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणबीर ढाठरथ ने की। विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मीटिंग का हिस्सा बने।

### किसानों से बातचीत के लिए कुमारी सैलजा ने बुलाया

**नरवाना।** बुधवार को नरवाना की सिविल सोसाइटी व किसान कांगेस पार्टी की कार्यकारिणी सदस्य कुमारी सैलजा से उनके निवास स्थान पर जाकर मिले। जानकारी देते हुए किसान नेता सुनील बदोवाल ने बताया कि किसानों के आदेंालन को देखते हुए कुमारी शैलजा ने किसानों को अपने निवास स्थान पर बुलाया।

### मारपीट के आरोप में तीन पर केस दर्ज

**कैथल।** मारपीट के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सेक्टर 20 निवासी सतपाल ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि सिग्नस अस्पताल के सामने गली में उसकी करियाना की दुकान है। 21 अप्रैल को उसकी दुकान पर कुलदीप सिरटा, सुमित लोहान व रजत आर्य आए और उसके पिता के साथ मारपीट की।

### मेडिकल एसोसिएशन उचाना मंडी की मीटिंग

**उचाना।** मेडिकल एसोसिएशन उचाना मंडी की मीटिंग अनाज मंडी में हुई। सर्वसम्मति से हरियाणा मेडिकल हॉल के संचालक देवेंद्र श्योकंद को प्रधान मनोनित किया गया। उप प्रधान हिंदी फार्मेसी संचालक सुनील, सचिव श्योकंद मेडिकल एजेंसी के अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष जंगम दिव्या फार्मा गोविंद को बनाया गया। मोहित, सुरेशए दीपक को कमेटी सदस्य बनाया गया।

### समर्पण, सेवा व त्याग की मूर्ति हैं बजरंग बली

**जींद।** आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि भारत के तन-मन-प्राणों में बसे हैं महावीर हनुमान। भक्ति, शक्ति, समर्पण, सेवा व त्याग की मूर्ति हैं बजरंग बली हनुमान। आज की विकट परिस्थितियों में जब मानव अपने दायित्व के प्रति विमुख हो रहा है, हनुमान जी का चरित्र सर्वाधिक प्रासांगिक व अनुकरणीय है।

### तीन दिन वैदिक गणित कार्यशाला का आयोजन

**नरवाना।** आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय में वैदिक गणित प्रशिक्षण हेतु 3 दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम अध्यक्ष जगन्नाथ ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में पूरे हरियाणा प्रांत से लगभग 40 गणित आचार्य के द्वारा प्रतिभागिता की जा रही है। अलग-अलग सत्र में 6 वैदिक गणित विशेषज्ञ के द्वारा वैदिक गणित के सूत्रों को बड़ी ही आसानी पूर्वक समझाया गया। सभी आचायोंर् का प्रश्न मंच करवाया गया जिसमें आचार्य के द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। वैदिक गणित छात्रों का मानसिक विकास होता है।

---

### मंडी में गेहूं की लदान कछुए की गति से चलने से बढ़ी दिक्कत

# उठान कम होने से पाई की अनाज मंडी गेहूं से अटी, अब नहीं बची जगह

मंडी में 23 अप्रैल तक 386548 बोरियां आ चुकी थी, जिसमें से 114148 बोरियों का उठान हुआ।



पाई। पाई की अनाज मंडी में पड़ा गेहूं। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। पाई**

पाई अनाज मंडी में लदान न होने के चलते जहां आढ़तियों को परेशानी हो रही है, वही किसानों को गेहूं की फसल की अदायगी भी रुकी गई है। आढ़ती मंडी प्रधान कृष्ण ढुल, पूर्व प्रधान रणधीर सिंह फौजी, इश्वर, जैली आदि ने बताया मंडी बोरियों से अटी पड़ी है। मंडी में से लदान कछुयें की गति से चल रहा है। उन्होंने बताया कि कि उनको डर है कि कही कोई हादशा न हो जाये। उन्होंने बताया कि मंडी में अधिक समय तक गेहूं के कट्टों में शोरटेज हो जाती है। मंडी में जहां चोरी होने का ड़र रहता है, वही दुसरी ओर मंडी में पड़े कट्टों में में आग लगने व बरसात में खराब होने का ड़र भी लगा रहता है। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों को उनकी फसल की अदायगी 72 घंटों में करने के थोथे दावें कर रही है। उन्होंने बताया कि किसानों के जे फार्म जरनेट करने के बाद भी कई दिनों तक उठान नही होता और सरकार किसानों को उनकी फसल की अदायगी गोदामों में लगने के बाद ही 72 घंटों के बाद आती है, जो किसानों के साथ धोखा है। किसानों का उनकी फसल का जे फार्म जरनेट होने के बाद अदायगी होनी चाहिये। उन्होंने सरकारी खरीद एजेंसियों को चेतावनी भी दी है कि वे अब किसी भी खरीद एजेंसी को न तो शोरटेज देगें और आग लगने, बरसात में खराब होने आदि किसी भी नुकसान की उनकी कोई जिम्मेवारी नही है। यदि खरीद एजेंसियां उनके साथ धक्का करती है तो वे कोर्ट में जायेंगे। उन्होंने यह भी मांग की है कि जे फार्म बनने के बाद की तारीख से अदायगी वाली तारीख तक का ब्याज सरकार किसानों को दे। उधर इस बारे में में मार्केट कमेटी सचिव जोगिन्द्र सिंह पेसियां ने बताया कि मंडी में से लगभग 30 प्रतिशत बोरियों का लदान हो चुका है।

मंडी में 23 अप्रैल तक 386548 बोरियां आ चुकी थी, जिसमें से 114148 बोरियों का उठान भी हो गया है। सीजन अब लगभग समाप्त हो चुका है और अब उठान में तेजी आ जायेगी। वहीं दूसरी ओर डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि जिला में विभिन्न एजैंसियों द्वारा गत दिवस तक कुल 5 लाख 85 हजार 769 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद गई है। जिला में गेहूं की कुल आवक में से 1 लाख 60 हजार 379 मीट्रिक टन गेहूं खाद्य एंव आपूर्ति विभाग द्वारा, 2 लाख 62 हजार 818 हैफेड द्वारा, एफसीआई द्वारा 53 मीट्रिक टन तथा 1 लाख 62 हजार 519 मीट्रिक टन गेहूं हरियाणा वेयरहाउसिंग कोपोर्रेशन द्वारा खरीदा गया है।

#### मंडियों में फसलों का उठान न होने

**जींद।** अखिल भारतीय किसान सभा ने मंडियों में फसलों के उठान ना होने पर गहरा आक्रोश प्रकट किया है और सरकार से जल्द उठान सुनिश्चित करने और खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की है। किसान सभा ने दादरी के गांव में खेतों में लगी आग को बुझाने के दौरान हुई किसान की मृत्यु पर शोक प्रकट किया है और मृतक परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है तथा जिले के सफीदों व उझाना ब्लॉक के गांवों में आग से जली गेहूं की फसल का प्रति एकड़ 50 हजार रुपये देने की मांग की है। किसान सभा के रा'य उपाध्यक्ष फूल सिंह श्योकंद ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते आज के दिन प्रदेश भर की मंडियां अनाज से भरी पड़ी है लेकिन फसलों का उठान नही हो रहा है। सारा अनाज खुले में पड़ा है, बारिश होने से अनाज की बर्बादी हो रही है। सरकार के सारे दावे और वयवस्थाएं पूरी तरह फेल हैं। सरकार का मंडियों में पहुंचे अनाज को उठाने और खरीद पूरी करने की तरफ कोई ध्यान नही लेकिन लफ्फाजी और बयानबाजी बड़ी-बड़ी है। श्योकंद ने आक्रोश प्रकट करते हुए सरकार से जल्द उठान की मांग की है अन्यथा किसानों को भी सड़कों पर आना पड़ेगा।

#### आठ लाख क्विंटल के करीब खरीद

**उचाना।** इस बार उचाना मंडीए छातर सब यार्ड एवं परचेज सेंटरों पर आठ लाख क्विंटल के आसपास गेहूं की आवक हो चुकी है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने बताया कि गेहूं की खरीद, उठान को लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। सात लाख 82 हजार 360 क्विंटल गेहूं की खरीद अब तक हो चुकी है। उचाना मंडी में डीएफएससी ने 355803, हैफेड ने 193238 क्विंटल की खरीद की है। छात्तर सब यार्ड में डीएफएससी ने 63595, हैफेड ने 50455, घोघड़िया में हैफेड ने 68107, काब्रच्छा में वेयर हाउस ने 40285, धनखड़ी में डीएफएससी ने 5974 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। 29 प्रतिशत गेहूं का उठान अब तक हो चुका है। अब तक गेहूं की खरीद के लिए 24818 गेट पास कटे हैं। उचाना प्रिंसिपल यार्ड में 7815, सब यार्ड छात्तर में 1733, परचेज सेंटर घोघड़िया में 1111, काब्रच्छा में 653, धनखड़ी में 85 गेट पास कटे हैं।

---



जींद। पौधारोपण करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

# सब मिलकर लें पर्यावरण संरक्षण का प्रण : रश्मि

■ डीएवी विद्यालय में बच्चों ने लगाए पौधे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद**

डीएवी विद्यालय की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने कहा कि पृथ्वी दिवस दुनियाभर में एक खूबसूरत संदेश के साथ मनाया जाता है। हमारे रोजमर्रा के जीवन में हमारे निरंतर प्रयास इस खूबसूरत ग्रह को समृद्ध बनाएंगे। पृथ्वी दिवस इस बात का प्रमाण है कि एक व्यक्ति भी सकारात्मक तरीके से वैश्विक प्रभाव डाल सकता है। इसी बात को दोहराते हुए डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में कई गतिविधियों के माध्यम से पृथ्वी दिवस यानी वर्ल्ड अर्थ डे मनाया गया। प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि इस दिन को इंटनैशनल मदर अर्थ डे के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद पर्यावरण को होने वाले खतरों के प्रति लोगों को जागरूक करना है और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। भूस्खलन, ग्लोबल वॉमिंर्ग और प्रदूषण के कारण पर्यावण को अत्यधिक नुकसान पहुंचता है। ऐसे में यदि व्यक्ति अपने स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का प्रण ले तो हमारी पृथ्वी फलती-फूलती रहेगी। क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी, प्राचार्य रश्मि विद्यार्थी, इको क्लब सदस्य गीता नंदवाल, सुपरवाइजर विजयपाल, जसबीर, मंजू परूथी और बच्चों ने मिल कर पौधारोपण किया गया। उन्होंने बच्चों को पौधे लगाने के फायदे बताए तथा उन्हें अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर जीवन और सांस लेने के लिए पर्यावरण का संतुलन होना बहुत जरूरी है। 'यादा से 'यादा पेड़ लगाने चाहिए ताकि पृथ्वी हमेशा हरी भरी रहे और जल की भी सुरक्षा हो सके। हरियाली रहने से भी बारिश की संभावना बनी रहती है।

---



## पार्क में स्टाफ सदस्यों ने पौधे लगाकर राष्ट्रीय पंचायती दिवस मनाया

**राजौंद।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के साथ लगती पार्क में स्टाफ सदस्यों ने पौधे लगाकर राष्ट्रीय पंचायती दिवस मनाया। जानकारी देते हुए एस ई पी ओ अरविंद कुमार ने बताया कि भारत में हर साल 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस उस ऐतिहासिक दिन की याद में मनाया जाता है। जब 1993 में 73 वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम लागू हुआ था। उन्होंने कहा कि बुधवार को राष्ट्रीय पंचायती दिवस पर बीडीपीओ स्टाफ सदस्यों ने पौधारोपण किया और शपथ ली कि जब तक पौधे छाया देने योग्य नहीं हो जाते तब तक उनकी देखभाल जारी रखेंगे। एस ई पी ओ ने कहा कि पौधे लगाने से हमारा फर्ज पूरा नहीं हो जाता पौधों की तब तक हमें देखभाल करनी है जब तक पौधे छाया व फल देने योग्य नहीं हो जाते। पौधों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

---

# करसिंधु में अधूरा है लाजपत राय पार्क का निर्माण

■ पत्र लिख कर पीएम से लेकर बीडीपीओ तक लगा चुके हैं पार्क निर्माण शुरू करवाने की गुहार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना**

गांव करसिंधु के एसबीआई बैंक के पास निर्माणाधीन लाला लाजपत राय पार्क का निर्माण अधूरा है। इसको लेकर अग्रवाल जनहित समिति एवं समाज सेवी लोग पीएम नरेंद्र मोदी से लेकर बीडीपीओ तक गुहार निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए पत्र लिख कर लगा चुके है लेकिन काम शुरू नहीं हो रहा है। यहां पर 2021 में पंचायत द्वारा लाला लाजपत राय के नाम से पार्क निर्माण को लेकर प्रस्ताव पारित कर काम शुरू किया था।

अग्रवाल जनहित समिति द्वारा अपने खर्च पर यहां पर लाला लाजपत राय की प्रतिमा भी लगाई गई। मनरेगा के तहत यहां पर मिट्टी डलवाई गई तो ब्लॉक समिति फंड से यहां पर कुछ जगह को पक्का भी किया गया।



उचाना। करसिंधु के निर्माणाधीन पार्कमें लगे लाला लाजपत राय की प्रतिमा।

#### करसिंधु में नहीं है कोई पार्क

अग्रवाल जनहित समिति संस्थापक लाला रामनिवास करसिंधु ने कहा कि करसिंधु में कोई पार्क नहीं है। पार्क निर्माण के बाद महिलाए युवाए बुजुर्ग सुबहए शाम सैर कर सकेंगे। पार्क निर्माण की मांग तो पूरी हो गई लेकिन निर्माण कार्य अधूरा है। यहां पर पौधे लगाने के साथ-साथ झूले एवं चार दीवारी का निर्माण भी प्रशासन करवाए इसको लेकर कई बार पत्र लिख चुके है। करसिंधु गांव में हर चौराह पर महापुरूषों, शहीदों की प्रतिमा लगाई गई है। करसिंधु हरियाणा का ऐसा पहला गांव है जिसके हर चौराहे का नाम शहीद के नाम पर रख कर उसकी प्रतिमा लगाई गई है। लाला लाजपत राय के नाम से पार्क का निर्माण होना है उससे भी शहीदों का सम्मान बढ़ेगा। इसलिए इस अधूरे पार्क का निर्माण शुरू करवाया जाए ताकि गांव को पार्क की सौगात मिल सकें। करसिंधु गांव के सरपंच रामचंद्र ने बताया कि आचार सहित के बाद पार्क के अधूरे काम को पूरा करवाया जाएगा।

---

### 10 को धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**सफीदों।** ब्राह्मण समाज की एक बैठक नगर के नागक्षेत्र मंदिर हाल में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता ब्राह्मण सभा उपमंडल के प्रधान परसराम वत्स ने की। बैठक में संजीव गौत्तम ने प्रस्ताव रखा कि इस बार नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाए। इस प्रस्ताव पर उपस्थित समाज के लोगों ने विस्तार से चर्चा की गई। काफी चर्चा के उपरांत यह फैसला लिया गया कि आगामी 10 मई को सफीदों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस आयोजन में हवन, भंडारे व विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।

---

# अधिकारियों को ईवीएम का दिया गया प्रशिक्षण

■ चुनाव ड्यूटी को जिम्मेदारी के साथ निभाएं अधिकारी व कर्मचारी : राजकुमार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद**

लोकसभा आम चुनाव 2024 को पारदर्शिता व निर्विघन सम्पन्न करवाने को लेकर स्थानीय डीआरडीए के सभागार में इवीएम के सही संचालन व वीवीपैट के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी एवं इवीएम प्रशिक्षण के जिला नोडल अधिकारी राजकुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान इवीएम ट्रेनिंग के जिला इंचार्ज डा. सूरजमल ने इवीएम व वीवीपैट मशीनों की बारीकी से जानकारी मुहैया करवाई। डीआरओ एवं इवीएम प्रशिक्षण के जिला नोडल अधिकारी राजकुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा चुनावों को सही ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इवीएम का प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनरों की ड्यूटियां निर्धारित की गई हैं। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे अपनी ड्यूटी को जिम्मेदारी के साथ निभाएं और उन्हें मतदान के समय किसी प्रकार की दिक्कत आती है तो वे तुरन्त उन्हें या सम्बन्धित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को सूचना दें ताकि उनकी परेशानी को दूर किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आदर्श आचार संहिता का पूरी तरह पालन करें और शांतिपूर्ण ढंग से मतदान करवाएं। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वे ईवीएम मशीन व अन्य दस्तावेजों के बारे में विभागों के कर्मचारियों को पूर्ण रूप से जानकारी देकर अवगत कराएं ताकि मतदान के समय उन्हें कोई कठिनाई न हो। कर्मचारी अपनी चुनाव ड्यूटी को उच्च प्राथमिकता के साथ निभाएं। उन्होंने चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि वे पोलिंग बूथ पर जांच पड़ताल कर लें।



जींद। मीटिंग को संबोधित करते डीआरओ एवं इवीएम प्रशिक्षण के जिला नोडल अधिकारी राजकुमार। फोटो :हरिभूमि

---

# बाढ़ राहत प्रशिक्षण में कैथल ने जीती ट्राफी

■ विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर डीसी प्रशांत पंवार ने थपथपाई टीम की पीठ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल**

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा व जिला प्रशासन के तत्वाधान में ब्रह्म सरोवर कुरूक्षेत्र में छह दिवसीय राज्य स्तरीय बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कैथल जिला को विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर ओवरऑल ट्राफी हासिल की। ट्राफी जीतकर वापिस आने पर डीसी प्रशांत पंवार ने टीम की पीठ थपथपाई और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने ने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थियों को आपदा के लिए सदैव मुस्तैद रहने और अच्छे परिणाम के लिए निरंतर अभ्यास करते रहना चाहिए। डीआरओ चंद्रमोहन ने बताया कि इस शिविर में प्रदेश में 126 प्रशिक्षार्थियों एवं 19 मास्टर ट्रेनरों ने भाग लिया था। इसमें जिले के 10 प्रशिक्षणार्थी शामिल रहे। शिविर के दौरान के 4 प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। तैराकी प्रतियोगिता में कैथल जिले के सतीश कुमार और श्रवण कुमार ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं होम गार्ड में भी श्रवण कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



कैथल। डीसी प्रशांत पंवार बाढ़ राहत प्रशिक्षण शिविर के कर्मचारियों को ट्राफी देकर सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

---

### सोनू मौण को मिली भाकियू जिला युवा अध्यक्ष की कमान



**कलायत।** भारतीय किसान यूनियन (धन्ना भगत) हरियाणा द्वारा कलायत के गांव मटौर निवासी सोनू मौण को जिला कैथल युवा अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। इसके लिए मौण ने प्रदेशाध्यक्ष होशियार सिंह गिल, युवा प्रदेश अध्यक्ष अनिल खटकड़, किताब सिंह बूरा, रामेश्वर कसान, बंसी सेगा, प्रेम हरसोला और संगठन नेताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वे संजीदगी से कर्तव्य का निर्वहन करेंगे। उनका मुख्य लक्ष्य किसान, मजदूर व आम आदमी से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाना रहेगा। इस दौरान जिला युवा अध्यक्ष को संगठन की तरफ से झंडा सौंपा गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

---

**निर्देश** | पशुपालन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

# पशुओं को गर्मी और लू से बचाने की कवायद शुरू

■ पशुओं का पीने का पानी हर समय थोड़ा ठंडा रखना अंत्यत जरूरी : डा. नरेंद्र सिंह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद**

गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है और तापमान 37 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में पशुओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए पशुपालन विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. नरेंद्र सिंह ने बताया कि आने वाला समय गर्मी व लू का है। पशुओं को गर्मी में लू से बचाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने सभी पशुपालकों से अपील की कि पशुओं की उत्पादन क्षमता को बनाए रखने व गर्मी की लू के कारण बीमार न होने से बचाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा जो आदेश दिये जाते है उनकी निरन्तरता पालना करें। इससे पशुओं को लाभ मिलेगा।



जींद। पशुबाड़े में बंधे पशु।

#### पशुओं का शेड खुला एवं हवादार हो

*उपनिदेशक डा. नरेंद्र सिंह ने बताया कि पशुओं का शेड खुला एवं हवादार होना चाहिए तथा शेड की छत ऊंची होनी चाहिए। अगर शेड की छत टीन की बनी है तो उस पर पराली आद की परत डाल देनी चाहिए ताकि शेड के अंदर का तापमान कम रहे। पशुओं के शेड की दिशा पूर्व से पश्चिम की तरफ होनी चाहिए। पशु शेड के बाहर खुले में केवल घने छायादार वृक्ष के नीचे ही पशुओं को बांधे। पशुओं के शेड में पंखे व डेर्जट कूलर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। पशुओं को कम से कम दो बार जोहड़ आदि में ले जाना चाहिए और पुशओं को पीने का पानी थोड़ा ठंडा पिलाना चाहिए।*

#### छोटू पशुओं के पीने के पानी का रखें विशेष ख्याल

छोटे पशुओं के लिए ध्यान रखा जाए कि पानी की होदी की ऊंचाई कम होनी चाहिए अन्यथा उसके लिए खुले मुंह का बर्तन में पानी पीने की व्यवस्था करें। गांव के सार्वजनिक स्थलों पर स्थित पानी की होदियों में पशुओं के पीने के लिए स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें। गर्मीयों में हरे चारे की कमी रहती है। इसलिए उपलब्धता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए तथा हरे चारे का संरक्षण कर साइलेज को प्रयोग भी किया जा सकता है।

#### पशुओं को आहार सुबह जल्दी व सायं को या रात को देना चाहिए : डा. नरेंद्र सिंह

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डा. नरेंद्र सिंह ने बताया कि पशुओं को आहार सुबह जल्दी व सायं को या रात को देना चाहिए। पशुओं को संतुलित व पौष्टिक आहार देना चाहिए तथा आहार में खनिज मिश्रण का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने बताया कि गर्मियों में भैंस मद के दौरान केवल तार देती है व बोलती नही है। इसलिए सुबह व सांय को पशु मद में है या नहीं है इसकी जांच अवश्य करवाएं। विदेशी नस्ल या संकर प्रजाति की गायों में इस मौसम में दूध उत्पादन में भारी कमी आ जाती है।